तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 5.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025

12 65 लाख से नई कक्षाओं और लाइब्रेरी निर्माण का शुभारंभ



12 90 कर्मियों को दो माह से नहीं मिला वेतन



## खबर संक्षेप

### अभियान चला पुलिस ने पांच आरोपी पकड़े

**पानीपत।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत थाना मतलौडा पुलिस की टीम ने जुआ खेलने के आरोप में गांव मतलौडा निवासी राकेश, गंगाराम व अजय को गिरफ्तार किया है। इन पर गेम्बलिग एक्ट के तहत केज किया है। जबकि थाना सदर पुलिस सट्टा खाईवाली कर रहे गुरूनानकपुरा कच्चा कैंप निवासी संजीव को पकडा है। वही थाना समालखा पुलिस ने गांव राक्सेडा में अवैध कच्ची शराब के साथ जगीर को गिरफ्तार किया। इस पर थाना समालखा में एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### पानीपत के निम्बरी में आग से राख हुई फैक्टरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव निम्बरी में बापौली रोड महावीर धर्मकांटा के सामने स्थित आर.के.सपुनटेक्स में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की गाडियों ने आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक मशीनरी, बिल्डिंग और कच्चा माल जल चुका था। गनीमत यह रही की कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। इधर, दमकल अधिकारी आग लगे व हुए नुकसान की जांच कर रहे है।

### हजारों रुपये की हेरोइन के साथ गिरफ्तार

**यमुनानगर।** थाना छछरौली पुलिस ने बालाचौर रोड के नजदीक से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 19.63 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत 70 हजार रुपये बताई जा रही है। थाना छछरौली में तैनात एसआई गुरमीत सिंह ने बताया कि वह रविवार शाम छह बजे छछरौली क्षेत्र में गश्त कर रहा था। यहां पकड़े आरोपी से पूछताछ करने पर उसकी पहचान छछरौली की रहमिया कॉलोनी निवासी खालिद उर्फ काला के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### भाकियू ने समस्याओं पर किया विचार-विमर्श

**इंद्री।** भारतीय किसान यूनियन की मीटिंग नई अनाज मंडी में ईशम सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई। भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य ने शिरकत की। उन्होंने किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि किसानों की मुख्य मांगें हैं कि फसलों के लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिए जाएं, एमसपी की कानूनी गारंटी हो इससे नीचे किसानों की फसल ना खरीदी जाए, किसानों को कर्ज मुक्त किया जाए, फसल बीमा योजना पारदर्शी बनाई जाए और फसल बीमा की पॉलिसी हर किसान को दी जाए, और किसानों को बेसहारा पशुओं की समस्या से निजात दिलवाई जाए आदि मांगे हैं। इस मौके पर भीम सिंह, राजेंद्र सिंह, अमर सिंह, सत्यपाल, विजय, दर्शन लाल व जयकुमार सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## दो मुख्य मांगों को लेकर सरकारी चिकित्सकों की दो दिवसीय हड़ताल

# सरकारी चिकित्सक रहे हड़ताल पर मेडिकल कॉलेज से स्टॉफ बुलाया

- अस्पताल प्रशासन ने आदेश मेडिकल कॉलेज से 104 चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

लंबित मांगों को लेकर शनिवार को हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के बैनर तले जिला भर के सरकारी चिकित्सकों ने सोमवार को हड़ताल रखी। इस कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रही। सुबह जिला नागरिक अस्पताल में ओपीडी कुछ समय के लिए बाधित रही, जिससे मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी। स्थिति को संभालने के लिए अस्पताल प्रशासन ने आदेश मेडिकल कॉलेज से 104 चिकित्सकों की डयूटी लगाई। चिकित्सकों ने सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित किया।

जिला स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि मरीजों को कोई परशानी नही आई है। हालांकि, हड़ताल के कारण ऑपरेशन संबंधी मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत हुई, क्योंकि दिनभर सर्जरी नहीं हो सकी। जिला अस्पताल के 17 चिकित्सक हड़ताल पर रहे, जबकि तैनात कंसल्टेंट डॉक्टरों ने ओपीडी में अपनी सेवाएं जारी रखी। सरकार द्वारा डायरेक्ट एसएमओ भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसका चिकित्सक विरोध कर रहे है। सुबह अस्पताल में आए मरीज लखबीर निवासी गांव भैंसी माजरा ने बताया कि वे सुबह 8 बजे ही अस्पताल पहुंच गए थे। हड़ताल के बारे में उन्हें कोई जानकारी नही। सुबह एक घंटा लाइन में लगकर रजिस्ट्रेशन पर्ची कटवाई। उसके बाद अस्पताल की तीसरी मंजिल पर बनी ओपीडी में पहुंचकर हड्डी विभाग के चिकित्सक के कमरे के बाहर खड़े वार्ड ब्वॉय को रजिस्ट्रेशन पर्ची दी जिसने इंतजार करने बारे कहा। 11 बजे तक इंतजार कर रहा हूं। डाक्टर कब सीट पर आएंगे इस बारे कुछ नही बताया। उन्होंने कहा कि सरकार को इसके लिए पहले ही व्यवस्था करनी चाहिए ताकि मरीजों को इधर-उधर भटकना न पड़े।



कुरुक्षेत्र। मरीज का चेकअप करते परामर्श चिकित्सक।

### ओपीडी सेवाएं रही जारी : डा. सुखबीर सिंह

लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल के सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने बताया कि हड़ताल के दौरान कंसलटेंट चिकित्सकों और एनएचएम डॉक्टरों के माध्यम से ओपीडी सेवा जारी रही। मरीजों को कोई समस्या नही हुई। 17 चिकित्सक हड़ताल पर रहे। आदेश मेडिकल कॉलेज से 104 चिकित्सक आए थे। अस्पताल प्रशासन ने जनता से सहयोग की अपील की है।



कुरुक्षेत्र। नागरिक अस्पताल की ओपीडी में खड़े मरीज।

### आज भी चिकित्सक हड़ताल पर रहेंगे

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ. तेजेंद्र चौहान ने बताया कि एचसीएमएस मेंबर्स अपनी पुरानी लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए ये कदम उठाने को मजबूर है। ये वही मांगे है जिनको पिछले साल जुलाई में सरकार ने लिखित में मान लिया था एवं पूरा करने का वादा किया था। पहली माँग डायरेक्ट सीएमओ की भर्ती को रोकना एवं सर्विस रूलस को एमेंड करना है। सरकार पिछले कई वर्षो से ये भर्ती न करने की बात मान चुकी है लेकिन अब तक रूलस को एमेंड नही किया है। पिछले साल भी आंदोलन के दौरान सरकार ने वादा किया था कि सर्विस रूल्स में बदलाव किया जाएगा। एक साल के बाद भी रूल्स को नहीं बदला गया। इसके विपरीत सरकार ने डायरेक्ट सीएमओ की फिर से भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी। सरकार की इस वादखिलाफी से एचसीएमएस के तमाम डॉक्टर्स आहत है एवं उनमे रोष है। हम चाहते हैं कि सरकार इस प्रक्रिया को रोके एवं सर्विस रूल्स में संशोधन करके अपना वादा निभाए। इसके अलावा सरकार ने पिछले साल मोडिफाइड एसीपी स्कीम को मान लिया था एवं सीएम ने इसे अप्रूव भी कर दिया था। इसको लेकर आज तक भी कोई नोटिफिकेशन नहीं हुई है। सरकार की इस वादखिलाफी के चलते हमे यह कदम उठाना पड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी कि 9 दिसंबर को सभी सेवाएं बंद रहेंगी और मांगें पूरी न होने पर 10 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होगी।


# कैंटर की टक्कर से पलटी रोडवेज बस, आठ चोटिल

- कुरुक्षेत्र के पिपली चौक के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

चंडीगढ़ से दिल्ली एयरपोर्ट जा रही हरियाणा रोडवेज चंडीगढ़ डिपो की बस रविवार रात्रि करीब 12 बजे पिपली चौक पर पलट गई। बस पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे के वक्त बस में 28 यात्री थे। हादसे में बस में सवार करीब 8 यात्रियों को चोंटे आई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर एम्बुलेंस को बुलाया गया। पुलिस ने राहगीरों की मदद से चोटिल यात्रियों को इलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भिजवाया। जहां सभी चोटिल यात्रियों का प्राथमिक उपचार किया गया। बस के परिचालक भूप सिंह ने बताया कि वे चंडीगढ़ से दिल्ली एयरपोर्ट के लिए जा रहे थे। रात्रि करीब 12 बजे पिपली फ्लाइओवर के नीचे पिपली चौक पर यात्री को बैठाने के लिए जैसे ही बस को रोका तो कुरुक्षेत्र की तरफ से आ रहे एक कैंटर ने बस के बीच में जोरदार टक्कर मार दी। जिस कारण बस पलट गई।

हादसे में करीब 8 यात्रियों को चोंटे लगी है। वही बस पलटने से बस के शीशे टूट गए। क्रेन की मदद से बस को उठाया गया। पुलिस ने बस में सवार यात्रियों को अन्य बस में बैठाकर गंतव्य की ओर रवाना किया। हादसे के बाद कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।



कुरुक्षेत्र में पलटी रोडवेज बस।

### बाल विवाह होने पर सरपंच होंगे निलंबित

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बाल विवाह रोकथाम को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में उपायुक्त डॉ दहिया ने स्पष्ट कहा कि जिले के किसी भी गांव में बाल विवाह पाए जाने पर उस गांव के सरपंच को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया जाएगा। डीसी डॉ. दहिया ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय मलिक को निर्देश दिए कि सभी आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम को बाल विवाह निषेध कानून की पूरी जानकारी देकर गांवों में जागरूकता कार्यक्रम चलाएं।

# 30 साल पुराने रास्ते को बंद करने का विरोध, 3 घंटे तक डटे रहे लोग

- रेलवे ने हादसे व चोरियां रोकने को बंद किया रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला कैंट में रेलवे कॉलोनी के बीच से चंद्रपुरी को जाने वाले 30 साल पुराने रास्ते को बंद करने को लेकर सोमवार विवाद खड़ा हे गया। रेलवे की तरफ से लगातार बढ़ रहे हादसों व चोरियों को ध्यान में रखते हुए इस अस्थाई रास्ते को बंद कर दिया गया था। पहले तो जेसीबी से खुदाई कर इस रास्ते पर मिट्टी के ढेर लगा दिए थे। जैसे ही रेलवे द्वारा मुख्य सड़क को उखाड़ा जाने लगा तो स्थानीय लोग विरोध में उतर आए।

वार्ड नंबर 22 के नपा सदस्य प्रमोद कुमार का कहना था कि यह रास्ता 30 साल पुराना है। इस बारे में लोगों ने मंत्री अनिल विज से मुलाकात करने तक रास्ते की खुदाई न करने की बात कही। करीब तीन घंटे तक यह विवाद चला। पुलिस भी मौके पर पहुंची। शाम तो छह बजे रेलवे की तरफ से महज दोपहिया वाहन की गुजारने की अनुमति दी गई। जबकि चौपहिया वाहनों पर इस रास्ते से गुजरने पर रोक लगा दी। दरअसल, यह रास्ता रेलवे की जमीन है।



पानीपत मार्किट कमेटी के अध्यक्ष अवतार शास्त्री बैठक में संबोधन करते हुए।

### अवैध कार्य करने पर दुकानें जब्त होंगी

**पानीपत।** पानीपत मार्किट कमेटी की चेयरमैन अवतार सिंह शास्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को मीटिंग हुइ। जिसमें 19 सदस्यों ने भाग लिया। वहीं, बैठक में निर्णय लिया गया कि नई अनाज मण्डी, नई सब्जी मंडी व सबयार्ड बाबरपुर में अलॉट की गई दुकानों को जिसमें अवैध कार्य किया जा रहा है को जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी। शास्त्री ने कहा कि नई सब्जी मंडल में से बिजली के खंबों को प्लॉट से बाहर निकाला जाएगा। नई अनाज व सब्जी के मेन गेट से लेकर जीटी रोड़ तक सौन्द्रकरण करने बार नगर निगम को एनओसी जारी कर दी है। वहीं तय हुआ कि मार्किट कमेटी की मीटिंग हर माह की जाएगी। बैठक में उपाध्यक्ष बलवान शर्मा, सचिव आशा रानी, अनिल कुमार, सदस्य राजकिशन सैनी, चन्छ माहूजा, नरेश त्यागी, पंजाब सिंह, चर्मबीर सिंह, नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# रिटायर्ड प्रिंसिपल से ट्रेडिंग के नाम पर २६.२४ लाख का फ्रॉड

**लोन क्लीयरेंस, कन्वर्जन फीस, केवाईसी अपडेट, अकाउंट करेक्शन, डिक्लेरेशन फीस, सिक्योरिटी व स्टाम्प ड्यूटी के नाम पर पैसे हड़पे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

फेसबुक पर ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर हरियाणा शिक्षा विभाग से रिटायर्ड प्रिंसिपल सुरेंद्र पाल सिंह से 26.24 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। साइबर ठग ने विदेशी ट्रेडिंग वेबसाइट के नाम पर रुपये हड़पे। रुपये गंवाने के बाद जब पीड़ित ने रुपये निकलवाने चाहे तो धोखाधड़ी का पता चला। साइबर थाना पुलिस ने सुरेंद्र पाल सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 15 सितंबर को फेसबुक पर ट्रेडिंग का विज्ञापन देखकर उसने रजिस्ट्रेशन किया। व्हाट्सएप व ईमेल के माध्यम से स्वयं को ट्रेडिंग एजेंट बताने वाले ठगों ने रोजाना मुनाफे का झांसा दिया। पीड़ित से कई बार लोन क्लीयरेंस, कन्वर्जन फीस, केवाईसी अपडेट, अकाउंट करेक्शन, डिक्लेरेशन फीस, सिक्योरिटी डिपॉजिट व स्टाम्प ड्यूटी के नाम पर अलग-अलग खातों में रुपया जमा करवाया गया, उन्हें झांसा दिया था कि 13 हजार रुपये से शुरू करने पर रोजाना 700 से एक हजार रुपये तक कमा सकते हैं। इस तरह से जितने ज्यादा रुपये लगाओगे तो उतने रुपये कमाओगे। इसी झांसे में आकर रुपये लगाने शुरू कर दिए थे। 26.24 लाख रुपये देने के बाद जब ठग दबाव बनाने लगे तो धोखाधड़ी का पता चला। रुपये मांगे तो वह भी नहीं दिए। इस संबंध में पहले 26 नवंबर को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।

# साइबर ठगों ने पीएनबी बैंक कर्मी बनकर ठगे 1.29 लाख रुपये

- पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

साइबर ठगों ने जगाधरी वर्कशॉप विष्णु नगर निवासी बृजमोहन के मोबाइल पर पीएनबी बैंक कर्मचारी बनाकर एपीके फाइल डाउनलोड करवा कर उसके अकाउंट से एक लाख 29 हजार रुपए निकाल लिए। जब बृजमोहन को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जगाधरी वर्कशॉप विष्णु नगर निवासी बृजमोहन ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 31 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को पीएनबी बैंक का कर्मचारी बताया। इस दौरान आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया। इसके बाद आरोपी ने उसके पास पीएनबी वन एपीके फाइल भेजी। आरोपी ने उसे फाइल डाउनलोड करने के लिए बोला। जब उसने फाइल डाउनलोड की तो उसका मोबाइल हैंग हो गया।

इसके बाद उसके अकाउंट से अलग- अलग करके एक लाख 29 हजार रुपए कट गए। जब काफी देर बाद उसका मोबाइल ऑन हुआ तो उसके मोबाइल पर अकाउंट से पैसे निकालने का मैसेज आया। मैसेज देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उसने तुरंत बैंक में जाकर अपना अकाउंट बंद करवाया और मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 98 हजार का चूना

**टेलीग्राम ग्रुप में टास्क देने के नाम पर महिला को झांसे में लिया**

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने टेलीग्राम पर वर्क फ्रॉम होम व टास्क पूरा करने के नाम पर गांव पृथ्वीपुर निवासी रीटा देवी से 98 हजार रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव पृथ्वीपुर निवासी रीटा देवी ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सात सितंबर को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो वह एक टेलीग्राम ऐप ग्रुप से जुड़ गई। जहां पर वर्क फ्रॉम होम के संबंध में बातचीत चल रही थी। इसके बाद आरोपियों ने उससे बात करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे वर्क फ्रॉम होम करके अधिक पैसा कमाने का लालच दिया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके वर्क फ्रॉम होम करने की बात कही। इसके बाद आरोपियों ने उसे टास्क देने शुरू कर दिए। आरोपियों ने टास्क के नाम पर उसे 98 हजार सात सौ जमा करवा लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए। जब उसने आरोपियों से पैसे मांगे तो आरोपियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। बाद में आरोपियों ने उसे ग्रुप से एग्जिट कर दिया। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**राहत** | असंध शुगर मिल के 18वें पिराई सत्र का शुभारंभ

# सबसे अधिक गन्ना बिजाई करने वाले किसानों को 'ब्रांड एंबेसडर' किया जाएगा घोषित

**सहकारिता मंत्री ने किसानों के लिए किए बड़े ऐलान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ असंध/करनाल

हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' संकल्प को पूरा करने में हरियाणा का हर किसान, हर सहकारी संस्था और हर चीनी मिल महत्वपूर्ण योगदान देगी। असंध शुगर मिल के 18वें पिराई सत्र 2025–26 के वर्चुअल शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र किसानों की आर्थिक रीढ़ है और प्रदेश सरकार इसे और मजबूत करने के लिए निरंतर काम कर रही है। डॉ. शर्मा ने बताया कि हरियाणा में गन्ना किसानों के लिए अगेती किस्म का भाव 415 रुपये प्रति क्विंटल और पछेती किस्म का 408 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। बीते पिराई सीजन में प्रदेशभर के किसानों को कुल 1211 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जिसमें से अकेले असंध क्षेत्र के किसानों को 68 करोड़ रुपये जारी हुए। उन्होंने घोषणा की कि किसानों को सब्सिडी पर आधुनिक हार्वेस्टिंग मशीनें उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त ड्रिप और फव्वारा सिंचाई अपनाने वाले किसानों को प्रति एकड़ 95% सहायता सरकार और हैफेड द्वारा वहन की जाएगी, जो लगभग 60,000 रुपये प्रति एकड़ बनती है। किसान को केवल 5% राशि वहन करनी होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सबसे अधिक गन्ना बिजाई करने वाले किसानों को 'ब्रांड एंबेसडर' घोषित करने पर कार्य किया जाए।

कार्यक्रम में विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि असंध क्षेत्र में गन्ने का रकबा लगातार बढ़ रहा है और गन्ना भुगतान का कोई बकाया नहीं है। उन्होंने बताया कि मिल द्वारा किसानों के लिए 2.09 करोड़ रुपये ब्याज-मुक्त ऋण और 38.13 लाख रुपये अनुदान के प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हैफेड प्रबंध निदेशक मुकुल कुमार ने बताया कि असंध चीनी मिल पूरे प्रदेश में सबसे पहले 72 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित कर रही है। मिल परिसर में कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए तौल कांटों को पूरी तरह स्वचालित किया गया है, ट्रैक्टर ट्रॉलियों की एंट्री व मूवमेंट सीसीटीवी निगरानी में है और किसानों को 'गन्ना किसान मोबाइल ऐप' के माध्यम से सर्वे, पर्ची और भुगतान से संबंधित सभी जानकारी भेजी जाती है।

मंच से किसान विकास दुहन (फफड़ाना), जसमेर (फफड़ाना), धर्मबीर सिंह (आदियाना) और बिजेंद्र (सालवन) को क्रमशः प्रथम गन्ना आपूर्ति, सर्वाधिक क्षेत्र बिजाई और जैविक विधि से बिजाई के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरपर्सन सुनीता रानी, डीजीएम राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष हिमांशु छाबड़ा, अमित राणा, बृजलाल टक्कर, अमरजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



असंध शुगर मिल में किसानों को सम्मानित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर ओवर ब्रिज के पास बीती रात ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे निशाख्त के लिए शव गृह में रखवा दिया। पुलिस शव की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

जीआरपी थाने में तैनात नवीन कुमार ने बताया कि जीआरपी थाने में रात करीब 11 बजे स्टेशन मास्टर से सूचना प्राप्त हुई थी कि रेलवे स्टेशन से सहारनपुर साइड चलकर ओवरब्रिज से पहले एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना के आधार पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि रेलवे ट्रैक के बीच में एक युवक की क्षत विक्षत लाश पड़ी है। जिसका हाथ, बाजू व टांग कट हुए थे और सिर में भी काफी चोट आई हुई थी। व्यक्ति की शिनाख्त के लिए उसके कपड़ों की तलाशी ली गई लेकिन कोई दस्तावेज नहीं मिला।

शिनाख्त के लिए आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की गई मगर उसकी पहचान नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि युवक की आयु करीब 35 वर्ष है। उसके शरीर पर किसी प्रकार का टैटू भी नहीं है। मृतक ने नीले रंग की जिंस और शर्ट डाली हुई थी। उन्होंने शव का कब्जे में लेकर 72 घंटे के लिए सुरक्षित सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत किया जागरूक

**करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के डीपीएम राजकुमार संधू के नेतृत्व में ग्राम पंचायत भूसली में "हमारा शौचालय–हमारा भविष्य" अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच राजेंद्र सिंह ने की। राजकुमार संधू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ आदतें बचपन से ही विकसित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि "यदि बच्चे स्कूल में पढ़ाई के साथ स्वच्छता के संस्कार सीखते हैं, तो वे जीवनभर समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाते हैं।" उन्होंने घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने पर जोर दिया।

### उद्यमिता पर डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता आयोजित

**करनाल।** पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल की एनएसएस इकाइयों द्वारा "कौशल आधारित उद्यमिता" थीम पर विश्वविद्यालय स्तरीय ऑनलाइन डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का लक्ष्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार, तकनीकी कौशल और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना था। प्राचार्य एवं उप-प्राचार्य डॉ. जरनैल सिंह के मार्गदर्शन में और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों राजेश रंगा व डॉ. करमजीत कौर आदि मौजूद थे।

## रोजाना 1500 मरीज पहुंचते है ओपीडी में, सुबह से ही दिखी परेशानी

# चिकित्सक दो दिन की हड़ताल पर करनाल में स्वास्थ्य सेवाएं धड़ाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। हड़ताल के चलते ओपीडी पर लगी मरीजों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सिविल चिकित्सा सेवाएँ संघ (एचसीएमएसए) के आह्वान पर प्रदेशभर के सरकारी चिकित्सक सोमवार से दो दिन की सामूहिक अवकाश हड़ताल पर चले गए, जिसका करनाल जिले की सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यापक असर दिखाई दिया। सबसे अधिक प्रभाव जिला नागरिक अस्पताल पर पड़ा, जहाँ सामान्य बाह्य रोगी विभाग, आपातकालीन सेवा, जाँच और शल्य चिकित्सा की प्रक्रिया दिनभर बाधित रही।

चिकित्सकों की दो मुख्य मांगें वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) की सीधी भर्ती पर रोक। संशोधित 'निश्चित कैरियर उन्नति' (एसीपी) ढांचे की अधिसूचना तुरंत जारी की जाए। पिछले वर्ष मुख्यमन्त्री की ओर से दोनों माँगों को सहमति मिलने के बावजूद अधिसूचना जारी न होने पर चिकित्सक नाराज़ हैं।

करनाल का जिला अस्पताल दबाव में; प्रतिदिन 1500 रोगियों की भीड़ में अव्यवस्था

जिला नागरिक अस्पताल करनाल में औसतन 1500 रोगी प्रतिदिन उपचार के लिए पहुँचते हैं। हड़ताल के चलते आज अस्पताल परिसर में सुबह से ही अव्यवस्था बढ़ गई। बाह्य रोगी विभाग के बाहर लम्बी कतारें बन गईं।कई लोग विशेष चिकित्सक से उपचार कराने आए थे, परंतु चिकित्सक अनुपस्थित मिले। करनाल निवासी रोगी अंग्रेज ने बताया मैं अपने उपचारकर्ता चिकित्सक को दिखाने आया था, लेकिन आज वे उपलब्ध नहीं थे। भीड़ अधिक होने से मुझे कई घंटे प्रतीक्षा करनी पड़ी।

कम संख्या में बुलाए गए अतिरिक्त चिकित्सक; स्थिति नियंत्रण से बाहर। स्थिति संभालने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग ने सलाहकार चिकित्सकों, विशेषज्ञों तथा कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सकों को बुलाया, परंतु उनकी संख्या रोगियों के भारी दबाव के लिए पर्याप्त नहीं रही।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अतिरिक्त प्रबंध, अस्थायी चिकित्सक व्यवस्था, निजी चिकित्सालयों के सहयोग और आपातकालीन स्थितियों के लिए विशेष योजना तैयार करना शुरू कर दिया है।

### 10 दिसंबर की चेतावनी के बाद जिला प्रशासन सतर्क

संघ की चेतावनी कि यदि दो दिन में माँगें न मानी गईं तो 10 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी—के बाद जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। अगर सहमति नहीं बनीं तो मरीजों को आगे भी करना पड़ सकता है परेशानी का सामना।

### अब तक कोई बड़ी बाधा की सूचना नहीं मिली: पूनम चौधरी

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम चौधरी ने कहा कि हमने अतिरिक्त चिकित्सक तैनात कर दिए हैं। अब तक कोई बड़ी बाधा की सूचना नहीं मिली है। लेकिन ज़मीनी स्तर पर रोगियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा।

### कुछ विशेषज्ञ चिकित्सक सेवा में जुटे पर राहत सीमित

सीधी भर्ती से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने घोषणा की है कि वे हड़ताल में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने नियमित सेवाएँ जारी रखीं, जिससे कुछ विभागों में रोगियों को आंशिक राहत मिली, लेकिन संख्या कम होने से व्यापक राहत नहीं मिल पाई।

### चिकित्सकों की वार्ताएँ विफल, संघ ने कहा मजबूरी में कर रहे हड़ताल

चिकित्सकों की 3 दिसंबर को स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) सुधीर राजपाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी। इसके बाद 5 दिसंबर को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, सुधीर राजपाल और स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. मनीष बंसल के साथ एक और बैठक हुई। इन बैठकों में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की सीधी भर्ती रोकने पर सहमति बन गई, परंतु संशोधित कैरियर उन्नति ढांचे की अधिसूचना नहीं जारी की गई। इस कारण चिकित्सकों ने हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया। करनाल जिला शाखा के अध्यक्ष डॉ. संजय वर्मा ने कहा हम हड़ताल करना नहीं चाहते, लेकिन हमें मजबूर होना पड़ा है। हमारी माँगें पिछले वर्ष ही स्वीकार कर ली गई थीं, परंतु आज तक अधिसूचना जारी नहीं हुई। यदि 10 दिसंबर तक माँगें नहीं मानी गईं, तो हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### रोगियों की भारी परेशानी

रोगियों की भारी परेशानी, लंबी कतारें, धीमा उपचार, कई जाँचें स्थगित

**हड़ताल के कारण**

बाह्य रोगी सेवा सीमित रही, कई छोटी शल्य क्रियाएँ टाल दी गईं।

**लैब जांच में बिलंब**

प्रयोगशाला जाँचों में विलंब हुआ, आपातकालीन कक्ष में रोगियों का दबाव बढ़ गया। ग्रामीण क्षेत्र से आए रोगियों को सबसे अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ा। कई लोगों को मजबूरन निजी चिकित्सालयों का सहारा लेना पड़ा।



गीता मॉडर्न स्कूल के बच्चे इंटर–क्लास स्पेलिंग क्विजa प्रतियोगिता मे भाग लेते। फोटो : हरिभूमि

## स्पेलिंग प्रतियोगिता में छाए गीता मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गीता मॉडर्न स्कूल में इंटर-क्लास स्पेलिंग क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा सातवीं, आठवीं और नौवीं के विद्यार्थियों के बीच हुई, जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह और आत्मविश्वास के साथ बढ़-चढक़र भाग लिया। बच्चों की सहभागिता ने यह साबित कर दिया कि वे न केवल पढ़ाई में, बल्कि प्रतियोगिताओं में भी अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा दिखाने के लिए सदैव तैयार रहते हैं। प्रतियोगिता के विभिन्न राउंड—पहचान, स्पेलिंग करेक्शन, रैपिड फायर और फाइनल नॉकआउट राउंड—में विद्यार्थियों ने अपनी शब्द ज्ञान क्षमता, त्वरित सोच और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की भाषा कौशल, आत्मविश्वास और एकाग्रता को बढ़ाने में अत्यंत सहायक होती हैं।

इस प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं ने प्रथम स्थान, कक्षा सातवीं ने द्वितीय स्थान और कक्षा नौवीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों का विद्यालय प्रबंधन की ओर से फूलों और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मान किया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों की भागीदारी भी सराहनीय रही। विद्यालय के प्रबंधक बाल कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि इस प्रकार की स्पेलिंग क्विज़ प्रतियोगिताएँ बच्चों में भाषा के प्रति रुचि बढ़ाती हैं और उन्हें प्रतिस्पर्धा की सकारात्मक भावना सिखाती हैं। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में जीतना ही सबसे बड़ा लक्ष्य नहीं होता, बल्कि सीखना सबसे बड़ी उपलब्धि है। आज यहाँ मौजूद हर बच्चा विजेता है, क्योंकि आप सभी ने मंच पर अपने ज्ञान और आत्मविश्वास का प्रेरणादायक प्रदर्शन किया है। सीखते रहिए, बढ़ते रहिए—यही सफलता का मार्ग है।


**की हौसलाफजई**

प्रधानाचार्या श्रीमती रागिनी राय नए बच्चों की सराहना करते हुए कहा, आप सभी बच्चों ने आज जो उत्साह, एकाग्रता और मेहनत दिखाई है, वह वाकई प्रशंसनीय है। भाषा सीखने का सबसे अच्छा तरीका है।उसे खेल और गतिविधियों के रूप में अपनाना। आप सभी ने अपनी प्रतिभा से विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

## रेलवे ओवरब्रिज के नीचे जलभराव से बढ़ी परेशानी

- !रेलवे ओवरब्रिज के नीचे दयाराम मंदिर के पास स्थित प्रमुख सड़क पर सीवरेज लाइन के लीक होने के कारण रास्ते पर गंदा, बदबूदार पानी हो गया जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। सीवरेज का गंदा पानी दुकानों के आगे फैला हुआ। फोटो : हरिभूमि

रेलवे ओवरब्रिज के नीचे दयाराम मंदिर के पास स्थित प्रमुख सडक़ पर सीवरेज लाइन के लीक होने के कारण रास्ते पर गंदा, बदबूदार पानी जमा हो गया है। इसके कारण आसपास के दुकानदारों, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सीवरेज लाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद लगातार गंदा पानी सडक़ पर बह रहा है, जिससे जहां दुर्गंध फैल रही है, वहीं दुकान पर आने वाले ग्राहकों की संख्या भी कम हो गई है। दुकानदारों ने बताया कि बदबू इतनी तीखी है कि पूरा दिन दुकान में बैठना मुश्किल हो जाता है। इस से पहले भी दो बार सीवरेज लीक हुआ था। वाहन चालकों ने शिकायत की कि पानी भरने से सडक़ पर फिसलन बढ़ गई है और दोपहिया वाहन फिसलने का खतरा बना रहता है। कई बार वाहन चालकों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनके कपड़े और वाहन भी गंदे हो रहे हैं। राहगीरों ने बताया कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है क्योंकि किसी भी समय छींटे पडऩे का डर बना रहता है। स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभागों से मांग की है कि सीवरेज लाइन की तुरंत मरम्मत करवाई जाए और जमा गंदे पानी की निकासी के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं। उनका कहना है कि बदबू और गंदगी से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी खतरा बढ़ गया है। शहर के लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि रोजाना आने-जाने वाले लोगों और दुकानदारों को राहत मिल सके।

## विधायक ने कॉलोनी में बैठक कर सुनीं वार्ड के लोगों कर समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



राणा कालोनी के लोग विधायक के समक्ष समस्याओं को अवगत करवाते हुए।

नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने रविवार को राणा कालोनी में जनसमस्याओं को सुनने के लिए बैठक की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और उन्होंने पानी, सीवरेज, टूटी सड़कों, स्ट्रीट लाइट तथा सफाई व्यवस्था को लेकर अपनी शिकायतें रखीं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कॉलोनी में लंबे समय से सीवरेज लाइन जाम होने, बरसात में जलभराव और मुख्य मार्ग पर टूट-फूट की समस्या बनी हुई है। लोगों ने कहा कि कई बार शिकायत देने के बावजूद अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया। विधायक कबीरपंथी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। शहर के विभिन्न हिस्सों में जोरों से काम चल रहा है। शहर के सभी पार्षदों को मैं पहले ही बोल चुका हूं कि वह अपने-अपने वार्ड के विकास कार्यों की सूची तैयार करें, विकास के कामों में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। इस मौके पर नपा सचिव अजीत कुमार, पूर्व पार्षद जगजीत सिंह, पंकज ठाकुर, राकेश चौहान के अलावा नगर पालिका एवं जन स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक के प्रयासों से 2 करोड़ 44 लाख रुपये के विकास कार्य स्वीकृत

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद के निरंतर प्रयासों से करनाल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों हेतु एचआरडीएफ और विधायक आदर्श नगर ग्रामीण योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 44 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर दी गई है। कई कार्यों का शुभारंभ हो चुका है तथा शेष टेंडर प्रक्रिया में हैं। विधायक आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में करनाल का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता से किया जा रहा है। इस धनराशि का उपयोग सड़क निर्माण, सड़क सुदृढ़ीकरण, पीने के पानी की उन्नत व्यवस्था, ग्रामीण चौपालों व सामुदायिक भवनों के निर्माण–नवीनीकरण और गांवों की फिरनी को मजबूत बनाने में किया जाएगा।

## महापौर रेनू बाला गुप्ता ने सुनी लोगों की शिकायतें

- समस्याओं का मौके पर निपटान, अधिकारियों को पारदर्शिता और तत्परता के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने सोमवार को नागरिकों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि "हर नागरिक की समस्या का समयबद्ध समाधान निगम की जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेयर ने लोगों से आग्रह किया कि शिकायत दर्ज करवाते समय लिखित आवेदन और मोबाइल नंबर अवश्य दें, ताकि फीडबैक लेकर सुनिश्चित किया जा सके कि कार्य सही समय पर पूरा हुआ है। उन्होंने इंजीनियरिंग शाखा को सड़क गड्ढे भरने, सीवरेज चौक खोलने, बरसाती पानी की पाइपलाइन सुधारने और स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने जैसे कार्यों पर प्राथमिकता से कार्रवाई के निर्देश दिए। सफाई निरीक्षकों को बाजारों में अतिक्रमण न होने देने और शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए कहा गया।

## सरकार की योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाना जरूरी: संदीप लोहट

- डाक विभाग की ओर से स्वामी भीष्म लाइब्रेरी में चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



घरौंडा। योजनाओं को लेकर जानकारी देते हुए सब पोस्टमास्टर आनन्द सिन्हा व साथ लाइब्रेरियन संदीप लोहट।

नगर पालिका घरौंडा द्वारा संचालित स्वामी भीष्म लाइब्रेरी में सोमवार को डाक विभाग की ओर से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में लाइब्रेरी पाठकों को डाकघर में उपलब्ध नई और आधुनिक सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य पाठकों को डाक विभाग की वित्तीय, बीमा और डाक सेवाओं से अवगत करवाना था ताकि वे इनका लाभ भविष्य में ले सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लाइब्रेरियन संदीप लोहट ने बताया कि नगर पालिका सचिव रविप्रकाश शर्मा के निर्देश पर लाइब्रेरी में जागरूकता कार्यक्रम होते रहते हैं।इसी कड़ी में सोमवार को डाक विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य वक्ता सब पोस्टमास्टर आनन्द सिन्हा व विनय कुमार का स्वागत व आभार व्यक्त भी किया। कार्यक्रम में घरौंडा डाकघर के सब पोस्टमास्टर मुख्य वक्ता आनन्द सिन्हा ने कहा कि डाकघर का काम अब केवल पत्र वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आज यह कई महत्वपूर्ण योजनाओं को समाज तक पहुंच रहा है। सुकन्या समृद्धि योजना, बचत खाता, पब्लिक प्रोविडेंट फंड, बीमा सेवाएं, आधार कार्ड बनवाने और उसमें सुधार करने जैसी सुविधाएं डाकघरों में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि डाक विभाग ने विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट मेल नामक विशेष डिस्काऊंट योजना शुरू की है जिसके तहत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को स्पीड पोस्ट सुविधा पर 10 प्रतिशत छूट दी जाएगी। यह योजना 1 नवम्बर से सभी डाकघरों में लागू की जा चुकी है।उन्होंने बताया कि इस व्याख्यान के माध्यम से पाठकों को ज्ञात होगा कि पोस्ट ऑफिस द्वारा चलाई गई योजनाएं न केवल कागजों पर है बल्कि देश के हर कोने में कार्य कर रही है और समाज के विभिन्न वर्गों की सहायता कर रही है। कार्यक्रम के दौरान लाइब्रेरी पाठकों लखमी देवी,शिवानी, वंदना रोबिन, पवन कुमार, विन्दाम, गौरव, साहिल,प्रेरणा, रमा, काफी सैकड़ों पाठकों ने उत्साह से भाग लिया और सेवाओं से संबंधित प्रश्न भी पूछे।

### आशा वर्कर्स का विशाल रोष प्रदर्शन

**करनाल।** आशा वर्कर्स एंड फैसिलिटेटर फेडरेशन के आह्वान पर सोमवार को करनाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के कार्यालय पर हजारों आशा वर्कर्स ने जोरदार प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व करनाल की नीरू, पानीपत की सुशीला, सोनीपत की छवि, अंबाला की सर्वजीत कौर, कुरुक्षेत्र की मनजीत कौर और यमुनानगर की सुदेश कुमारी ने किया। संचालन राज्य सचिव सुदेश रानी ने संभाला। राज्य प्रधान सुनीता, महासचिव राजबाला और उपप्रधान रानी ने कहा कि आशा वर्कर्स पिछले 20 वर्षों से वॉलंटियर कहलाने के बावजूद स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बनी हुई हैं।

## जीटी रोड पर बेलगाम ट्रक और अवैध कट बन रहे मौत का कारण, विभाग अंजान

- रेलिंग तोड़कर बनाए जा रहे रास्ते, हाईवे सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल; स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले से गुजरते जीटी रोड पर तेज रफ्तार ट्रक और लारियां दिनोंदिन मौत बनकर दौड़ रही हैं। हाईवे के विभिन्न स्थानों पर अवैध कट, टूटी रेलिंग, हटाए गए कॉन्क्रीट ब्लॉक और अनियंत्रित वाहन चालकों की वजह से पिछले दिनों कई गंभीर हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई परिवारों के कमाने वाले सदस्य असमय मौत का शिकार बने। विशेषकर सेक्टर-6 चौक, आईटीआई चौक, नीलोखेड़ी और घरौंडा के आसपास के हिस्सों में अवैध कटों की संख्या इतनी अधिक है कि हर समय तेज रफ्तार में आने वाले वाहनों के बीच टक्कर का खतरा बना रहता है। स्थानीय वाहन चालकों—सुरेश कुमार, बृंदावन, उमेश कुमार, रमेश पाठक, टेकचंद, विकास कुमार, भरोसे लाल, प्रदीप कुमार और जगपाल सिंह—ने बताया कि हाईवे को सुरक्षित बनाने के लिए रेलिंग, फेंसिंग और रिटेनिंग वॉल तो बनाई गई, लेकिन कई जगह लोग रातोंरात इन्हें काटकर रास्ता बना लेते हैं। कुछ स्थानों पर रेलिंग झाड़ियों में फेंक दी गई है और ठेकों, ढाबों व गोदामों के सामने पक्के रास्तों के जरिए सीधे हाईवे पर चढ़ने-उतरने का अवैध रास्ता तैयार कर दिया गया है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ गया है।

### एनएचएआई पर लगाए गंभीर

लोगों ने एनएचएआई पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा की बैठकें केवल औपचारिकता बनकर रह गई हैं। स्थानीय निवासी चाहते हैं कि अवैध कटों को तत्काल बंद किया जाए, ढाबों-पेट्रोल पंपों के गैरकानूनी रास्तों पर सख्त कार्रवाई हो और हाईवे की निगरानी बढ़ाई जाए। एनएचएआई अधिकारियों से संपर्क करने पर किसी ने प्रतिक्रिया नहीं दी, जिससे लोगों में नाराज़गी और भी बढ़ गई है।

**विकास को गति** लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाली कुछ सड़कों का कार्य हो चुका है पूरा

## करोड़ों रुपये की लागत से इंद्री क्षेत्र की लगभग 70 सड़कों की मरम्मत व सुदृढ़ीकरण का कार्य जल्द होगा पूरा : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। हल्के के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप।

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना, जिनमें से अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया और प्रशासनिक स्तर की समस्याओं के शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए । इस मौके पर विधायक ने बताया कि करोड़ों रुपये की लागत से इंद्री विधानसभा क्षेत्र की लगभग 70 सड़कों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण व मरम्मत का कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाली इन सड़कों में से कुछ का कार्य पूरा कर लिया गया है और कई सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जल्द ही सभी सड़कें बनकर तैयार हो जाएंगी।

### इंद्री विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी

विधायक ने कहा कि इन सड़कों के बनने से इंद्री विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी तथा लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। विधायक ने बताया कि 24.87 लाख रुपये से समोरा से बीबीपुर, 7.89 लाख रुपये से उमरपुर स्कूल अप्रोच रोड़ तथा 50.78 लाख रुपये से दरड़ अप्रोच रोड़ का कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की 13 सड़कों का निर्माण कार्य जारी है। इन सडकों में 71.85 लाख रुपये से टिकरी से लाडो की गामड़ी, 42.24 लाख से कुराली अप्रोच रोड़, 56.10 लाख से चुरनी जगीर से समोरा रोड़, 124.11 लाख से संगोहा से चुरनी रोड़, 109.37 लाख से चांद समद अप्रोच रोड़, 81.65 लाख से फाजिलपुर से शाहपुर रोड़, 41.52 लाख से मुरादगढ़ से फाजिलपुर रोड़, 362.30 लाख रुपये से संगोह से जयरामपुर-शाहपुर रोड़, 105.62 लाख से राजेपुर अप्रोच रोड़, 38.24 लाख रुपये से पटहेड़ा से राजेपुर रोड़, 58.02 लाख रुपये से बड़ागांव से जयरामपुर रोड़, 206.7 लाख रुपये से गढ़ी बीरबल से इस्लाम नगर रोड़ तथा 50.78 लाख रुपये से दरड़ अप्रोच रोड शामिल हैं। उन्होंनेलोगों की समस्याओं को सुना, जिनमें से अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया और प्रशासनिक स्तर की समस्याओं के शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### सीवरेज लाइन व सड़क का शिलान्यास किया

**पानीपत।** पानीपत में पुराने बस स्टैंड के पास सुखदेव नगर की मोबाइल मार्केट में पीने के पानी की लाइन, सीवरेज लाइन और सडक़ का शिलान्यास शहरी विधायक प्रमोद विज व महापौर कोमल सैनी व पार्षद नवल जिंदल द्वारा किया गया। इस अवसर पर दर्शन लाल वधवा, दिनेश सैनी, यश हुडिया, रविन्द्र मण्डल, मेहुल जैन, संदीप जिन्दल, मनोज गोयल, सुभाष नारंग, रामपाल शर्मा, सूरजभान वर्मा, हिमांशु कटारिया, सुशील भराड़ा, आदर्श गुप्ता, वीरेन्द्र बंसल, अमर जीत सिंह कोहली, खुशाल ढींगरा, अशोक चावला व नवीन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### कट्टे के साथ एक आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने तामशाबाद बंधा के पास मुनसाद पुत्र आलमदीन निवासी कैराना यूपी हाल किरायेदार भारत नगर, पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं थानेदार सुमित सरोहा ने बताया कि आरोपी मुनसाद के खिलाफ थाना सनौली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया

**पानीपत।** जिला यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान के तहत पानीपत यातायात वेस्ट जोन इंचार्ज एएसआई संदीप व उनकी टीम द्वारा सोमवार को पुराना बस अड्डे के सामाने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित कर ऑटो व ई रिक्शा चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। वहीं, चालकों को ओवरलोडिंग, गलत पार्किंग, नशे की हालत में वाहन चलाने और तेज रफ्तार से होने वाले खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### ओबीसी का शोषण बंद हो : सिंह

**पानीपत।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी मोर्चा के वाइस चेयरमैन एवं पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पोते स.इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि ओबीसी को उनके अधिकार दिलाने के लिए वे देश भर में काम करेंगे। 52 प्रतिशत ओबीसी होते हुए भी उन्हें राजनीति में संख्या के हिसाब से भागीदारी नहीं मिल रही है। वह जिसकी जितनी संख्या भारी उतनी उसकी भागीदारी को सच करने के लिए ओबीसी को जगाएंगे।

### फिल्म देखने से बढ़ता है ज्ञान

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में एमए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए वर्जीनिया वुल्फ द्वारा रचित मिसेज डालोवे विषय पर फिल्म का प्रदर्शन किया गया। वहीं, प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि साहित्य समाज का अभिन्न अंग है। साहित्यकार, साहित्य और सिनेमा के बीच प्रारंभिक दिनों से ही करीबी सम्बन्ध रहा है। इस अवसर पर अंग्रेसी विभागाध्यक्ष डॉ.नीलम, प्रो.रेशु, डॉ.निधि, डॉ.स्वाती पुनिया, डॉ.नेहा पूनिया, रेखा शर्मा, प्रिया, राहुल, रेशु दीप्ति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### भाखेम के अध्यक्ष बने करन गुरुजी

**पानीपत।** भारतीय खेल महासंघ की बैठक में भारतीय खेल महासंघ के जितेंद्र शर्मा ने दो बार पावरलिफ्टिंग में वर्ल्ड चैंपियन रहे करन गुरुजी को भारतीय खेल महासंघ का अध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर भूपेंद्र, सुरेंद्र सिंह, मुकेश, संग्राम, सम्राट, सुमित वर्मा व प्रवीण शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मोनिका सहगल को आवार्ड मिला

**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका सहगल को इलुमिनो एजुकेशन आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। वहीं, स्कूल प्रबंधक संजीव जैन, प्रबंध समिति और समस्त स्टाफ ने प्रिंसिपल मोनिका सहगल को इस सम्मान के लिए बधाई दी हैं।

### सुरक्षा कर्मियों की भर्ती दस को

**पानीपत।** जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने बताया कि रोजगार विभाग द्वारा सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड कम्पनी (एसएससीआई) के माध्यम से सुरक्षा कर्मी के तीस पदों को भरने के लिए पानीपत जिले में भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## ओपीडी बंद रहने से उपचार के लिए रोगी परेशान रहे

# डॉक्टरों की हड़ताल से चरमराई चिकित्सा व्यवस्था

- सीएमओ ने कुछ नर्सिंग ऑफिसरों के साथ ओपीडी शुरू की, लेकिन मरीजों को थोड़ी ही राहत मिल पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत सिविल अस्पताल का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

पानीपत में राजकीय अस्पतालों के चिकित्सकों ने अपनी मांगों के समर्थन में दो दिवसीय हड़ताल सोमवार से शुरू कर दी है। वहीं हड़ताल के चलते पानीपत, समालखा के सिविल अस्पतालों व जिला के शहरी व ग्रामीण स्थलों पर स्थित पीएचसी, सीएचसी में ओपीडी पूरी तरह से बंद रही और उपचार के लिए रोगी परेशान रहे। पानीपत सिविल अस्पताल में दो दिनों की छुट्टी के बाद मरीज नागरिक अस्पताल में इलाज करवाने के लिए पहुंचे तो सभी डॉक्टरों ने ओपीडी को बंद रखा और किसी मरीज का कोई इलाज नहीं किया। दूर दराज के गांवों से आए मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि सीएमओ ने कुछ नर्सिंग ऑफिसरों के साथ ओपीडी शुरू की, लेकिन मरीजों को थोड़ी ही राहत मिल पाई। दिन भर भटकने के बाद अधिकतर मरीज बिना इलाज के ही वापिस घरों को लौट गए। वहीं पर हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसज एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ रिंकू सांगवान ने कहा कि मांगे न मानीं गई तो दस दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। स्मरणीय है कि गौरतलब है कि डायरेक्ट एसएमओ भर्ती सहित विभिन्न मांगों के पूरा न होने पर सरकार के खिलाफ एचसीएमएस ने हड़ताल का फैसला लिया है। सरकार और डॉक्टरों के बीच रविवार देर रात तक बातचीत चली, कोई समाधान नहीं निकल पाया। इसके चलते सोमवार से चिकित्सक हड़ताल पर चले गए।

*जिला महामंत्री सुमित जागलान ने बैठक का अजेंडा प्रस्तुत किया*

# स्वदेशी व सुशासन से भारत बनेगा आत्मनिर्भर : भट्ट

## महामंत्री सुनील कंसल ने सभी का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्याम कमल भाजपा कार्यालय में स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर पार्टी पदाधिकारियों की जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। जिला महामंत्री सुमित जागलान ने बैठक का अजेंडा प्रस्तुत किया। महामंत्री सुनील कंसल ने सभी का स्वागत किया और उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।



- उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने सभी का आभार व्यक्त किया

बैठक को उपाध्यक्ष रोशन लाल मेहला, सचिव रविन्द्र तुषामंड, रविंद्र रावल, रमेश सैन अहरिया, भावना जैन, रेशया राजपूत, अनिता चावला, ज्योति कुराड़िया, मनीष जावा, ओम दत्त आर्य, राहुल राणा, तरूण पसरीजा, संजय त्यागी, कृष्ण छोक्कर, सुभाष कबीरपंथी, दयानंद खुंगर, सतबीर पांचाल, नरेश बेनिवाल, जतिन झोका आदि उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत की पहली शर्त है और यह संकल्प तभी पूर्ण हो सकता है प्रत्येक कार्यकर्ता स्वदेशी आंदोलन को सफल बनाने में ओर अधिक सहयोग दें। वहीं तेरह दिसंबर को आत्मनिर्भर भारत रथ यात्रा का पानीपत पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा।

## ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स ने बेसहाराओं को कंबल बांटे



*पानीपत। डेरा सच्चा सौदा की शाह सतनाम सिंह ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स की आईटी विंग के युवाओं सेवादारों ने ठंड में जीटी रोड पर संजय चौक के निकट सड़कों पर रात गुजारने वाले जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे। आईटी विंग के युवाओं ने कंबल वितरित किए। इस मौके पर उज्ज्वल धीमान, सुमित शर्मा, चाइल्ड ऑफिसर नितिन समालखा, प्रदीप तथा समाजसेवी आशीष धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डीएसएस मीडिया विंग सेवादार दीपांशु इन्सां बापौली ने किया। सेवा कार्य में रोहन, राजू, पारस, मनीष आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।*

# दिव्यांगों को भोजन बांट मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत।

आज के आधुनिक जमाने में बच्चों से लेकर युवा अपना जन्मदिन पूरी शान से मनाते है, मोटी रकम समारोह पर खर्च करते है। वहीं तेरह वर्षीय परी ने अपना जन्मदिन अपना आशियाना में निवास कर रहे वृद्धों व दिव्यांगों के साथ मनाया और उन्हें भोजन करवा कर उसने आर्शीवाद लिया। स्मरणीय है कि परी, आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष नवीन मुंझाल की पुत्री है। वहीं नवीन अभी तक आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले करीब नब्बे मेडिकल कैंपों व रक्तदान शिविरों का आयोजन जरूरमंद लोगों के लिए कर चुके है। अपना आशियाना में निवास कर रहे वृद्धों व दिव्यांगों ने परी व उसके परिजनों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया।


**पानीपत।** अपना आशियाना में दिव्यांगों को भोजन देते हुए छात्रा परी। **फोटो : हरिभूमि**

# सौ किमी. की दौड़ लगा कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

- डॉ. रविंद्र टागरा ने रेस को पूरा कर संदेश दिया कि फिटनेस के लिए न उम्र मायने रखती है, न पेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत।

शहीदों के सम्मान में हर साल जैसलमेर से ऐतिहासिक लोंगेवाला बॉर्डर तक आयोजित 100 किलोमीटर की अल्ट्रा रन सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि जज़्बे, राष्ट्रभक्ति और धैर्य की परीक्षा होती है। इस बार की रेस पानीपत के दो डॉक्टरों बाल रोग विशेषज्ञ डा. अजय जागलान होप हॉस्पिटल व डा. रविंद्र टागरा ने पूरे हौंसले के साथ पूरी कर इतिहास रच दिया। दोनों ने रेतीले टीलों, ठंडी हवाओं और कठिन ट्रैक के बीच 100 किमी की यह रेस पूरी कर शहीदों को नमन किया। वहीं, डॉ. अजय जागलान ने कहा कि रेगिस्तान की हवा से हौंसला मिला और उन्हों ने रेस लगा कर शहीदों को नमन किया। जबकि डॉ. रविंद्र टागरा ने रेस को पूरा कर संदेश दिया कि फिटनेस के लिए न उम्र मायने रखती है, न पेशा। बस इच्छाशक्ति चाहिए और लक्ष्य खुद रास्ता दिखाता है। इधर, पानीपत निवासी हैंडलूम व्यापारी विपिन कवातरा, पानीपत के गांव पसीना निवासी पूर्व कैप्टन पुनीत पसीना, पुलिस अकादमी मधुबन में तैनात पानीपत वासी अमनदीप ने कहा कि देश की सेवा, शहीदों को सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है।



**पानीपत।** जैसलमेर में अल्ट्रा रन में भाग लेने पहुंचे डॉ अजय जागलान, डॉ. रविंद्र टागरा आदि। **फोटो : हरिभूमि**

# नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली



**पानीपत।** नशे के विरुद्ध शपथ लेते हुए विद्यार्थी, अध्यापक आदि। **फोटो : हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तहसील कैंप, पानीपत में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत सचिव वर्षा शर्मा के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं, रैली का शुभारंभ विद्यालय प्रिंसिपल गुलाब, पुलिस विभाग से एएसआई जगपाल, बाल कल्याण समिति सदस्य किरण मलिक, एमडीडी ऑफ इंडिया जिला समन्वयक संजय कुमार, स्वास्थ्य विभाग से रवि कुमार ने किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत से पैनल एडवोकेट बिन्दर कौर, पैरा लीगल वालंटियर इकबाल, जिला बाल संरक्षण विभाग से काउंसलर युद्धवीर, स्वास्थ्य विभाग से साइकोलॉजिस्ट रवि कुमार, एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार, एमडीडी ऑफ इंडिया से काजल, वालंटियर विकास, विद्यालय से भगत सिंह, रविन्द्र, रमेश आदि उपस्थित रहे। रैली में एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था पानीपत व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तहसील कैंप के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# बाबा साहेब ने भारत की सामाजिक संरचना को नई दिशा दी : नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने हुडा सेक्टर छह स्थित कम्युनिटी सेंटर में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए उनकी प्रतिभा पर पुष्प अर्पित किए और अपने साथियों के साथ बाबा साहब को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर योगदान ने भारत की सामाजिक संरचना को नई दिशा दी है। देश का युवा आज भी बाबासाहेब के विचारों को मार्गदर्शन मानते हैं उनके नारे शिक्षित बनो संगठित हो संघर्ष करो उन्हें समाज को जागरूकता अधिकार और न्याय के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। बाबा साहब का यह नारा आज भी सामाजिक परिवर्तन की दिशा में प्रेरणा का स्त्रोत है।


**पानीपत।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए भाजपा नेता नवीन भाटिया, चेतन तनेजा आदि। **फोटो : हरिभूमि**

### मौके पर ये मौजूद रहे

बाबा साहेब के विचार सिद्धांत और दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की नींव है। इस अवसर पर भाजपा नेता चेतन तनेजा, अमित पंडित, ईश कुमार राणा, संदीप मालिक, विजय सहगल, रोहताश देशवाल, प्रमोद, रविंद्र, साहब सिंह रंगा, सुनील कपूर, रविंद्र, अरविंद, सुभाष कबीर पंथी, कृष्ण लाल नारा, विजय महावीर, राजेश बोहत, अमित बोहत, बिजेंद्र बोहत मौजूद रहे।

# जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायतार्थ जूते बांटें


**पानीपत।** राजकीय स्कूल में गांव निजामपुर में अतिथियों के साथ विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव निजामपुर में भारतीय महिला कल्याण समिति पानीपत के द्वारा विद्यालय में शिक्षित हो रहे जरूरतमंद सौ बच्चों को सहायतार्थ जूते भेंट किए।

वहीं, प्राचार्या रेणुका गुप्ता ने अपने स्टाफ के सथ भारतीय महिला कल्याण समिति के सदस्यों का भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर एवं फुल माला पहनकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समिति की मुख्य संरक्षिका बृज रानी शर्मा, प्रधान निर्मल दत्त शर्मा, सचिव उषा गुप्ता, वीणा भाटिया, सुषमा, सुरेंद्र राठी, प्रभा जैन, कमलेश अरोड़ा, सरोज बाला गुर, मूर्ति गोयल, किरण गोयल, कमला, सविता, सुनील, सागर, हितेश भार्गव, संजीव आदि उपस्थित रहे।

### नारी का सम्मान करें : डॉ. दहिया

**पानीपत।** घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला उपायुक्त ने सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि घरेलू हिंसा के प्रत्येक मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा, कानूनी सहायता और आवश्यक सुविधा तुरंत उपलब्ध करवाई जाए।

### प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को आयोजित हरियाणा सरकार के जनता समाधान शिविर में शिकायतों की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने प्रशासनिक मशीनरी को स्पष्ट और सख्त शब्दों में चेताया कि जनता की समस्या का समाधान ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी विभाग की लापरवाही, देरी या बार-बार एक ही शिकायत दोहराने की नौबत बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की जान गई

## एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया

- गांव खांडा तथा उगालन रोड पर हुआ हादसा, बास थाना पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव खांडा से उगालन रोड पर बीती देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बास थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव उगालन (हिसार) निवासी मोहन (22), अंकुश (22) तथा उनका हमउम्र संजीव बाइक पर सवार होकर बीती देर रात गांव खांडा से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। परिजनों ने तीनों को गंभीर हालात में नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मोहन तथा अंकुश को मृत घोषित कर दिया।

जबकि संजीव की हालात गंभीर देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर बास थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**क्रिकेट** विजेताओं को मुख्य अतिथि नवीन उर्फ नीना प्रधान ने ट्रॉफी प्रदान की

*सीएम किंग्स क्रिकेट क्लब ने 16 ओवर में 90 रन बनाए*

# एम इलेवन क्रिकेट टीम ने टूर्नामेंट जीता

- आशीष धनखड़ को मैन आफ द मैच चुना गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

डीआर इंटरनेशनल स्कूल मैदान गांव काकोदा में दसवें डीआर कार्पोरेट 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच डीएम इलेवन क्रिकेट टीम और सीएम किंग्स टीम के मध्य खेला गया। वहीं, फाइनल मैच डीएम इलेवन ने छह विकेट से जीत लिया। सीएम किंग्स क्रिकेट क्लब ने 16 ओवर में 90 रन बनाए। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए डी एम इलेवन क्रिकेट टीम ने सिर्फ 10वें ओवर में 4 विकेट पर 94 रन बना फाइनल मैच जीत लिया। वहीं, आशीष धनखड़ को मैन आफ द मैच चुना गया। जबकि टूर्नामेंट में सीएम किंग्स के कप्तान तेजी ने सर्वाधिक 224 व अजित मलिक ने 203 रन बनाए। सौरव रोहिला ने सर्वाधिक 10 विकेट लिए। सलीम को टूर्नामेंट का श्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक, 190 रन व 7 विकेट लेकर ऑलराउंडर प्रदर्शन करने वाले दीपू खानपुर को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि नवीन उर्फ नीना प्रधान ने विजेता टीम के कप्तान दीपक मलिक को ट्राफी प्रदान की। इस अवसर पर धर्मपाल पहलवान, सोनू रापड़िया, प्रदीप मलिक मैनेजर, प्रदीप लैफ्टी, अमित खोखर, सुमित खोखर आदि मौजूद रहे।


**पानीपत।** डीआर कार्पोरेट 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी प्रसन्न मुद्रा में।

## खबर संक्षेप

### चोरी के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी करने का प्रयास मामले में पुलिस ने आरोपी प्रकाश उर्फ काकू को गिरफ्तार किया है। परिवादी योगेश ने 6 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि रात्रि को आरोपी ने उसकी दुकान में चोरी करने का प्रयास किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज बिना नंबर प्लेट की चोरीशुदा मोटरसाइकिल मामले में पुलिस ने आरोपी अमन को बिना नंबर प्लेट की चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी बिना नंबर प्लेट की चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित घूम रहा है। सूचना उपरांत पुलिस ने तुरंत सन्नी होटल लाल कुर्ती बाजार के पास से आरोपी को चोरीशुदा मोटरसाइकिल के साथ काबू किया। आरोपी की पहचान तेजामोहड़ी गांव के अमन के तौर पर हुई।

### नशा तस्करी का आरोपी दो दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज नशा तस्करी मामले में सीआईए-1 ने संलिप्त आरोपी सतनाम सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। पहले गिरफ्तार आरोपी अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी सतनाम सिंह भी इस मामले में संलिप्त है। 23 जून 2025 को सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी अनिल कुमार मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। पुलिसने आरोपी के कंटेनर से 12 कट्टे प्लास्टिक डोडा चूरापोस्त बरामद किया था। अब इस मामले में दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी हुई।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी सतीश को गिरफ्तार किया है। विष्णु विहार के रहने वाले धर्मपाल ने 2 नवबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 सितंबर 2024 से 27 सितंबर 2024 के दौरान आरोपी सतीश व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बडी रकम हडपने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।


## 65 लाख से नई कक्षाओं और लाइब्रेरी के निर्माण का शुभारंभ

# राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल को मिली सौगात

### पूर्व राज्य मंत्री ने निर्माण की नींव कन्याओं के हाथों रखवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर में शिक्षा के ढांचे को नया स्वरूप देने की दिशा में सोमवार एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। अंबाला शहर के पुलिस लाइन में स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल को महत्वपूर्ण सौगात मिली है। बता दें कि स्कूल में लगभग 65 लाख रुपये की लागत से नई कक्षाओं और लाइब्रेरी के निर्माण का विधिवत शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने स्कूल की छात्राओं के साथ किया। असीम गोयल ने निर्माण की नींव विद्यालय की कन्याओं के हाथों रखवाकर समाज में बेटियों के सम्मान और शिक्षा को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने इस विशेष पल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। सरकार का उद्देश्य है कि हर बच्चे को आधुनिक और सुरक्षित शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने बताया कि लगभग 65 लाख रुपये की यह परियोजना स्कूल के भविष्य को नई दिशा देगी। इस दौरान उन्होंने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया और बताया कि इस नायब सौगात से स्कूल में 7 कमरे और लाइब्रेरी का निर्माण होगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष आंनद, पार्षद हितेश जैन, यतिन बंसल, संजीव गोयल, चंद्रमोहन फौजी, गुरविंदर सिंह सग्गू व अन्य मौजूद रहे।



**अंबाला।** छात्राओं से कमरों की नींव रखवाते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

### वाटर हार्वेस्टिंग- सोलर सिस्टम अनिवार्य

अंबाला के सरकारी स्कूलों में अब रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सोलर पैनल अनिवार्य होने जा रहे हैं। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने जिला शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक कर निर्देश दिए हैं कि जिन स्कूलों में बड़े स्तर पर रिपेयर का कार्य होना है या फिर स्कूल की बिल्डिंग का पुनः निर्माण किया जाना है, उन सभी स्कूलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सोलर सिस्टम अनिवार्य किए जाए। जिसके लिए एक प्रपोजल तैयार कर मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा।

# एमपी के सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

■ आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मध्यप्रदेश के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बहन-बेटियों के सम्मान पर की गई अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ सोमवार को परशुराम ब्राह्मण कल्याण सोसायटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस दौरान समाज के प्रतिनिधि उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। यहां सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। समाज के सदस्यों ने कहा कि एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी द्वारा इस प्रकार की टिप्पणी अस्वीकार्य है। समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचती है। ज्ञापन में मांग की गई कि मध्यप्रदेश प्रशासनिक अधिकारी संतोष वर्मा के विरुद्ध सख्त कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।



**अंबाला।** सिटी मजिस्ट्रेट का ज्ञापन सौंपते पदाधिकरी। *फोटो: हरिभूमि*

### आंदोलन करने के लिए बाध्य

सोसायटी ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो समाज व्यापक स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। समाज ने यह भी स्पष्ट किया कि महिलाओं के सम्मान से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### इंटरनेशन साइंस एग्जिबिशन फेस्टिवल का किया भ्रमण

**नारायणगढ़।** राजकीय कालेज के प्राचार्य रोहित कुमार के दिशानिर्देशन में महाविद्यालय विज्ञान संकाय के भूगोल एवं भौतिक विज्ञान विभाग के लगभग 50 विद्यार्थियों ने पंचकूला में चल रहे इंडिया इंटरनेशन साइंस एग्जिबिशन फेस्टिवल का भ्रमण किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस फेस्टिवल में विज्ञान विषय पर आधारित अनेकों अनूठे मॉडलों और प्रयोगों को समझा और रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से निर्मित मॉडलों से विज्ञान में हो रहे विभिन्न परीक्षणों को जाना। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं कल्याण आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 300 से अधिक मॉडल प्रदर्शित किए गए थे।

# राजनीति, हिंसा, अराजकता व सत्ता के दबदबे को दिखाएगी सीरीज राजधानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

● 12 दिसंबर से सागा स्टूडियोज के प्लेटफॉर्म केबलवन पर होगी स्ट्रीम

केबलवन प्रस्तुत करता है सागा स्टूडियोज के सहयोग से बनाई वेब सीरीज "राजधानी" एक दमदार क्राइम थ्रिलर जो राजनीति, हिंसा और अराजकता से भरी सत्ता-चालित दुनिया की गहराइयों में उतरती है। ऐसे समय में जब अपराध और भ्रष्टाचार समाज पर अपनी पकड़ कड़ी कर रहे हैं, यह वेब सीरीज उस कड़वी सच्चाई को तेजी से और रॉ रियलिज्म के साथ पर्दे पर लाती है। कहानी–स्क्रीनप्ले–डायलॉग्स लिखे हैं जीत ज़हूर ने, निर्देशन है अमरीप सिंह गिल का और निर्माण सुमीत सिंह द्वारा किया गया है। विजुअल टोन को आकार दिया है डीओपी अरूंदीप तेजी ने। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के साथ ही दर्शकों का उत्साह आसमान छू रहा है। टीजर और सोशल मीडिया पर जारी शुरुआती डिजिटल एसेट्स को भारी प्यार और एंगेजमेंट मिल रहा है। दर्शक इसकी रॉ टोन, दमदार विज़ुअल्स और इंटेंस नैरेटिव की जमकर सराहना कर रहे हैं। उम्मीदें तेज़ी से बढ़ रही हैं, डिजिटल ट्रैक्शन साफ नज़र आ रहा है और दर्शकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। बज को और बढ़ाते हुए, राजधानी टाइटल ट्रैक सोशल मीडिया पर पहले ही सनसनी बन चुका है—कई प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहा है। इसका हुक लाइन ऑर्गेनिक तरीके से एक कैचफ्रेज़ बन गई है, जिसे लोग गुनगुना रहे हैं, शेयर कर रहे हैं और रीक्रिएट कर रहे हैं।

## नगर सेवा सदन में स्थापित रैन बसेरे का रिबन काटकर किया शुभारंभ

**अंबाला।** पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला के प्रतिनिधि एवं विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने सोमवार को अंबाला शहर के अग्रसेन चौक के नजदीक नगर सेवा सदन में स्थापित रैन बसेरे का रिबन काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी एवं संस्था के सहयोग से यहां पर जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है, उसकी भी सराहना की। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर संस्था के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने इस मौके पर बताया कि रैन बसेरा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सर्दी के मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति फुटपाथ पर सोने को मजबूर न हों। उन्होंने कहा कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति यहां पर आकर आश्रय ले सकता हैं। यहां पर जिला प्रशासन व संस्था के सहयोग से यहां पर रहने वाले लोगों के लिए भोजन व अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने कहा कि इस रैन बसेरा से निसंदेह जरूरतमंद लोगों को लाभ मिलेगा। संस्था के प्रतिनिधियों को कहा कि वे इसी प्रकार जरूरतमंद लोगों के लिए कार्य करते रहें। उन्हें जो भी सहयोग सहायता की आवश्यकता होगी उन्हें उपलब्ध करवाई जाएगी। मौके पर नगर सेवा संघ (सेवा सदन) के प्रधान राजेश खोसला, उप प्रधान सुरेंद्र घई, सचिव सुरेंद्र मल्होत्रा भी मौजूद रहे।



रैन बसेरे का रिबन काटने पहुंचे रितेश गोयल।

### अंबाला में ज्यादातर चिकित्सकों ने दी सेवाएं

**अंबाला।** वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) की सीधी भर्ती रोकने समेत कई मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल के पहले दिन सोमवार को जिले में कोई असर नहीं देखने को मिला। सभी डॉक्टरों ने ओपीडी, एमरजेंसी में मरीजों को जांचा व उपचार किया। इसके अलावा सामान्य दिनों की तरफ ऑपरेशन हुए। हालांकि पुलिस की तरफ से हड़ताल को लेकर पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। जिलाभर के नागरिक अस्पतालों में पुलिस का पहरा रहा। अतिरिक्त महिला व पुरुष जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस हड़ताल का एलान हरियाणा चिकित्सा सेवा संघ के बैनर तले हुआ था। एचसीएमएसए की मांग है कि सीधी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) की भर्ती पर रोक लगाई जाए व पहले से ही स्वीकृत किए गए संशोधित संवर्धित सेवा संवितरण(एसीपी) संरचना की अधिसूचना जारी करना है।

## प्रदेश में 694 गोशालाओं में चार लाख से ज्यादा गोवंश पंजीकृत

**अंबाला।** हरियाणा गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग ने कहा कि प्रदेश सरकार बेसहारा गौवंश के संरक्षण के लिए निरंतरता में कार्य कर रही हैं। कई योजनाएं क्रियान्वित करके इसके लिए कार्य भी किए जा रहे है। योजना के दृष्टिगत प्रति गौवंश बच्चे के लिए 10 रूपए, 20 रूपए गाय के लिए तथा 25 रूपए नंदी के लिए प्रतिदिन गौशालाओं को देने का काम किया जा रहा हैं। इसके तहत 88 करोड़ 54 लाख रूपए की राशि चेक के माध्यम से गौशालाओं के प्रतिनिधियों को देने का काम किया जा रहा है। चेयरमैन श्रवण गर्ग सोमवार को लोक निर्माण विश्राम गृह अंबाला शहर में गौशालाओं के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक ले रहें थे। इस मौके पर गौशालाओं के प्रतिनिधियों ने चेयरमैन को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिन्नदन भी किया। गर्ग ने इस मौके पर कहा कि गौवंश के संरक्षण के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित करके उसे धरातल पर लागू करने का काम किया गया है।

# सुभाष पार्क में लगाई जाएंगी फैंसी लाइटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

● सात लाख की लागत से पार्क में होगा उजाला

सुभाष पार्क में नई फैंसी लाइटें लगाई जाएंगी ताकि पार्क का अंधेरा दूर हो और यहां आने वाले लोगों को सुविधा मिले। यह कार्य लगभग सात लाख की लागत से किया जाएगा। नगर परिषद ने कंपनी को निविदा जारी कर दी है और ठेकेदार ने तुरंत प्रभाव से काम भी शुरु कर दिया है। प्राथमिक चरण में पार्क के अंदर 100 नई फैंसी लाइटें लगाई जाएंगी जोकि उन स्थानों पर लगाई जाएंगी, जहां लगी लाइटें या तो टूट चुकी हैं या फिर ये पिछले काफी समय से बंद पड़ी हुई हैं। सुभाष पार्क के सुंदरीकरण को लेकर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कई बार औचक निरीक्षण भी कर चुके हैं। दिनों जब पार्क में सिंथेटिक ट्रैक के कार्य का शुभारंभ किया गया था तो उन्होंने टूटी फैंसी लाइटों को देखकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाई थी।

### काम प्रारंभ किया

सुभाष पार्क में फैंसी लाइटों की व्यवस्था को सुधारने का कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार ने काम शुरू करवा दिया है। इसके अलावा पार्क के झूलों को बदलने का कार्य भी जल्द शुरु करवा दिया जाएगा और जो अन्य खामियां हैं, उन्हें भी दुरुस्त करवाया जा रहा है।
-देवेंद्र नरवाल, ईओ, नगर परिषद सदर

# 90 कर्मियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

● विभागीय अधिकारियों से जल्द वेतन दिलवाने की लगाई गुहार

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल्स वर्कर्स यूनियन से जुड़े कौशल कर्मचारियों को पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिल पाया। इसी वजह से ज्यादातर कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों का कहना है कि वेतन न मिलने से उनके सामने भारी आर्थिक संकट खड़ा है। इसके बावजूद सरकार उनके हितों का ख्याल नहीं कर रही है। वेतन न मिलने के विरोध के लेकर सोमवार को ज्यादातर कर्मचारी छावनी में जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता, अधीक्षक अभियंता के ऑफि में जमा हुए। यहां जमा कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर सरकार के खिलाफ जमकर रोष जताया। साथ ही नारेबाजी भी की। उन्होंने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत 90 कर्मचारी कार्यरत है।



वेतन न मिलने पर रोष जताते कर्मचारी।

**कार्यक्रम** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विवि में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी : दिव्या

बीमारी की गोली को कैप्सूल समझ कर नहीं ड्राई फ्रूट काजू बादाम समझ कर खाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जग्गी कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विवि में बहुत ही सुंदर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका विषय 'संगमः गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन' रहा। इस कार्यक्रम का नारा रहा /"सम्मान से बढ़े बुजुर्गों की शान, यही है भारत की सच्ची पहचान/"। आश्रम संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दिव्या दीदी ने बताया ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के समाजसेवा प्रभाग और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के बीच एमओयू साइन किया गया है। इसके तहत समाजसेवा प्रभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु 'संगमः गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन' नामक एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा। दीदी ने कहा वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी है। भविष्य के मार्गदर्शक भी हैं। हमें उनके मार्गदर्शन को महत्व देना चाहिए और उनकी बहुमूल्य संगति का आनंद लेना चाहिए।



**अंबाला।** कार्यक्रम में मौजूद मुख्य वक्ता व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### उम्र को हावी न होने दे

कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ में जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है तो रिस्पेक्ट भी बढ़ती है। उम्र बढ़ती है तो बढ़ती उम्र को स्वयं पर हावी न होने दें। इस डर को खत्म करने के लिए हमें ब्रह्माकुमारीज में पहले ही दिन लेसन मिलता है। मेरी यदि मेरे मन में रिस्पेक्ट है तब ही समाज और परिवार भी मेरी रिस्पेक्ट करेगा। उन्होंने कहा कि नौजवान बिना लक्ष्य के दिशाहीन होकर दौड़ रहा है। उसके पास धैर्य नहीं है। उनको सही दिशा बताने की कला, धैर्य की पूंजी हमारे पास है। परिवार में सुख शांति से रहने के लिए उन्होंने टिप्स दिए कि हमें अपनी जिम्मेवारी को बढ़ाना नहीं है। कहा कि बीमारी की गोली को कैप्सूल समझ कर नहीं ड्राई फ्रूट काजू बादाम समझ कर खाएं।

